आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण औषधीय, सुगंधित पौधों पर 9-13 जनवरी, 2023 को सीमैप सिखलाई कार्यक्रम

वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सी एस आई आर)-केंद्रीय औषधीय और सगंध पौधा संस्थान (सीमैप), लखनऊ औषधीय और सुगंधित पौधों की व्यावसायिक खेती के लिए किसानों और उद्यमियों को प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान करता है।

अपने एरोमा मिशन चरण-II के अंतर्गत, सीमैप 9 से 13 जनवरी, 2023 तक आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण औषधीय और संगध पौधों की उन्नत कृषि प्रौद्योगिकी विषय पर एक प्रशिक्षण-सह-प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन करेगा।

संस्थान लखनऊ में अपने मुख्यालय में प्रशिक्षण आयोजित कर रहा है। पहले आओ पहले पाओ के आधार पर 50 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कार्यक्रम के उद्देश्य

आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण औषधीय और सगंध फसलों जैसे तुलसी, अश्वगंधा, कालमेघ, जेरेनियम, मिंट, नींबूघास, रोशाघास, खस, पचौली और कैमोमाइल आदि की उन्नत खेती तकनीकों और किस्मों पर व्यावहारिक ज्ञान बढ़ाना।

बेहतर आसवन और प्राथमिक प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों और विभिन्न विधियों, नर्सरी उगाने की तकनीक, उचित भंडारण और विभिन्न उद्योगों में औषधीय और सुगंधित पौधों के उपयोग आदि का प्रदर्शन करना।

कोर्स की विशेषताएं

- अवधि: जनवरी 9-13, 2023
- समय : सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक।
- स्थान: सीएसआईआर- केंद्रीय औषधीय और सगंध पौधा संस्थान (सीमैप), लखनऊ, उत्तर प्रदेश
- कुल प्रतिभागी: 50
- शुल्क: 5,000 रुपये
- पंजीकरण की अंतिम तिथि: 31 दिसंबर, 2022 (शाम 5:00 बजे)
- ध्यान दें: सीटें भरने के बाद, अंतिम तिथि से पहले पंजीकरण बंद कर दिया जाएगा।

अध्ययन विषयवस्तु

- सीमैप की गतिविधियाँ
- देश के पूर्वी, मध्य और पश्चिमी भागों के लिए उपयुक्त औषधीय और सुगंधित पौधे
- आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण औषधीय एवं सगंध पौधों की उन्नत कृषि तकनीक उनके अर्थशास्त्र के साथ
- महत्वपूर्ण औषधीय और सगंध पौधों की नर्सरी उगाने की तकनीक का प्रदर्शन
- कटाई उपरांत प्रसंस्करण तकनीक और जड़ी बूटियों के आसवन के विभिन्न तरीके
- फसल रोटेशन और इंटरक्रॉपिंग
- औषधीय और सगंध पौधों में एकीकृत कीट प्रबंधन
- आवश्यक तेलों और औषधीय जड़ी बूटियों का उचित भंडारण
- आवश्यक तेलों और औषधीय जड़ी बूटियों के विपणन पहलू

किसे भाग लेना चाहिए?

यह कौशल सह-प्रौद्योगिकी उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम खेती/अनुबंध खेती, प्रसंस्करण व मूल्यवर्धन आदि के लिए मौजूदा और नए किसानों, उद्यमियों, डिस्टिलरों, निर्यातकों/आयातकों, इत्र निर्माताओं और कॉर्पोरेट घरानों के लिए उपयोगी होगा।

आवास/रहने के बारे में

जो प्रतिभागी प्रशिक्षण अवधि के दौरान सीमैप फ्रेग्रेन्स गेस्ट हाउस में रहना चाहते हैं, उन्हें guesthouse@cimap.res.in पर एक अलग अनुरोध ईमेल भेजना होगा। गेस्ट हाउस प्राधिकरण द्वारा नाममात्र की दर अलग से ली जाएगी।

प्रशिक्षण फीस: 5,000 रुपये

फीस में सुबह की चाय, दोपहर का भोजन और शाम की चाय और तकनीकी पाठ्यक्रम सामग्री के साथ एक प्रशिक्षण किट शामिल है। फीस निदेशक, सीमैप, लखनऊ के नाम पर ऑनलाइन जमा की जा सकती है।

बैंक विवरण (ऑनलाइन ट्रांसफर के लिए)

खाता संख्या: 30267691783 (बचत)

खाताधारक का नाम: निदेशक, सीमैप

शाखा का नाम और पता: भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा, हज़रतगंज, लखनऊ

शाखा कोड: 000125; शाखा का IFSC कोड: SBIN0000125; बैंक का MICR कोड: 226002002

समन्वयक

संजय कुमार, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक, प्रौद्योगिकी प्रसार और कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी

सीमैप, लखनऊ

कार्यालय फोन: 0522-2718598, 9415006694

संपर्क करें

दीपक कुमार वर्मा (फोन: 8840018125, 0522-2718596)

मनोज कुमार यादव (फोन: 9454225030, 0522-2718599)

फ़ोन: 0522-2718694, 2718606, 2718598

ई-मेल: training@cimap.res.in

अधिक जानकारी के लिए, इच्छुक व्यक्ति संस्थान की वेबसाइट www.cimap.res.in पर भी जा सकते हैं।

ध्यान दें: वैध फोटो आईडी के साथ पंजीकरण फॉर्म और बैंक/ऑनलाइन रसीद ईमेल training@cimap.res.in पर भेजी जा सकती है। मूल दस्तावेज़ 9 जनवरी, 2023 को सुबह 9 बजे कार्यक्रम स्थल पर पंजीकरण के समय लाने ज़रूरी हैं।